卐 श्री सद्गुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐 जय बाबा की卐卐 श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 127 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦14 फरवरी 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in



या देवी सर्वभूतेषु
विद्या रूपेण संस्थिता
नमस्तस्यै नमस्तस्यै
नमस्तस्यै नमो नमः

# दिल्ली कूच पर अड़े किसान

नई दिल्ली (उद संवाददाता)। न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी पर कानून बनाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर पंजाब-हरियाणा और उत्तर प्रदेश के किसान दिल्ली कूच पर अड़ गये हैं। किसानों के दिल्ली चलो मार्च को पंजाब और हरियाणा के शंभू बार्डर पर रोक लिया गया है। दूसरे दिन भी किसानों और पुलिस बल की कई बार झड़प हुयी। किसान किसी भी सूरत में पीछे हटने को तैयार नहीं है। किसानों को रोकने सिंघु बॉर्डर, टीकरी बॉर्डर और गाजीपुर बॉर्डर पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। इन सीमाओं पर सीमेंट और लोहे की बैरिकेडिंग के अलावा कटीले तार और कंटेनर भी रखे गए हैं। इस बीच किसानों ने जोरदार प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उधर जींद के दाता सिंह वाला बॉर्डर पर किसान जब सुबह रणनीति बना रहे थे तो एक सीआईडी कर्मचारी को उन्होंने बंधक बना लिया।



पहले सीआईडी कर्मचारी से पूछा कि वह कौन है तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। इसके बाद किसानों को संदेह हो गया और उसे बंधक बना लिया। इसके बाद पता चला कि यह गढ़ी थाना में कार्यरत सीआईडी कर्मचारी सतेंद्रपाल है। किसानों ने उसे छोड़ा नहीं है। किसानों ने आसू गैस के गोलों से निपटने के लिए बोरियों को पानी में भिगो लिया है तथा ट्रैक्टरों पर स्प्रे करने वाली टंकी भी लगाकर आगे बढ़ना शुरू कर दिया है। पंजाब की तरफ से किसानों ने बॉर्डर लगाई गई कील उखाड़नी शुरू कर दी हैं। धीरे-धीरे किसान आगे बढ़ रहे हैं।किसान चेहरे पर मुल्तानी मिट्टी लगा रहे हैं ताकि आंसू गैस का प्रभाव कम हो जाए। साथ ही कई किसानों ने बॉडी प्रोटेक्टर भी पहने हैं। जो ट्रैक्टर सबसे आगे चलेंगे उनके सामने लोहे की चादर लगा दी गई है और उन्हें गीली बोरियों से ढक दिया गया है। इसके अलावा मिट्टी उड़ाने की मशीनें भी मंगवाई गई हैं। सड़कों पर प्रदर्शनकारियों के आंदोलन के चलते आम लोगों को भी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। उधर भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहा ने दिल्ली कूच के दौरान किसानों के साथ हुई घटना को लेकर आक्रोश जताया है। इसके चलते 15 फरवरी को 12 बजे से 4 बजे तक ट्रेनों का चक्का जाम करने की घोषणा की गई है। अगर सरकार ने अपनी कार्रवाई कम नहीं की तो (शेष पृष्ठ सात पर)

# पर्यटकों के लिए सुगम होगा आवागमनःधामी

## दून एयरपोर्ट के फेज 2 टर्मिनल का हुआ शुभारम्भ

देहरादून (उद संवाददाता)।दून एयरपोर्ट के फेज 2 टर्मिनल का केंद्रीय नागर उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने वर्चुअल शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, पूर्व मुख्यमंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद डा. रमेख पोखरियाल निशंक भी मौजूद रहे। टर्मिनल के शुभारंभ के साथ ही एयरपोर्ट की यात्री क्षमता अब पहले के मुकाबले करीब 10 गुना बढ़ गयी है। इस मौके पर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा 'यह कहना गलत नहीं होगा कि यह देवभूमि भारत के 140 करोड़ लोगों के लिए नहीं बल्कि पूरे विश्व के लिए है। देहरादून एयरपोर्ट का एक लंबा



इतिहास है। 2004 में देहरादून केवल तीन से जुड़ा शहर था और अब यह पूरे भारत के 13 शहरों से जुड़ गया है। हमने पीएम मोदी के 'विकास और विरासत', 'समृद्धि और संस्कृति' के दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करने की कोशिश की है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम हवाई सेवाओं का विस्तार कर रहे हैं, आम आदमी को भी हवाई सेवा देने के लिए काम कर रहे हैं। उत्तराखण्ड में तेजी से हवाई सेवाएं आम व्यक्ति के आसान हो रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्ग दर्शन से उत्तराखण्ड राज्य चुनौतियों का सामना करते हुए लगातार प्रगति कर रहा है। प्रदेश के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में भी हवाई सेवाएं प्रदान की जा रही है। वर्तमान में 13 नये हैलीपैडों का निर्माण किया जा रहा है। उत्तराखण्ड धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण प्रदेश हैं और यहां पर हर वर्ष पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इसको देखते हुए सरकार यह (शेष पृष्ठ सात पर)

# खड़ी बस में भड़की आग

देहरादून (उद संवाददाता)। रायपुर में खड़ी एक बस में देर रात आग लग गई। आग ने कुछ ही समय में भयावह रूप ले लिया और बस आग का गोला बन गई। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचने से पहले फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने



मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। बताया गया कि बस रोज की तरह यहीं पर खड़ी थी, लेकिन अचानक देखते देखते आग का गोला बन गई। रात्रि करीब साढ़े बारह बजे सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर फायर सर्विस को बुलाकर फायर सर्विस की मदद से आग को बुझाया (शेष पृष्ठ सात पर)

# शहर में पहुंचा टस्कर हाथी, मचा हड़कम्प

हरिद्वार (उद संवाददाता)। देहात क्षेत्र में जंगल खेतों से सटे इलाकों में हाथियों की आवाजाही के बाद अब शहर में भी हाथी चहलकदमी करने लगे हैं। बुधवार तड़के एक हाथी रास्ता भटक गया और ज्वालापुर क्षेत्र में कोतवाली रोड से होते हुए आर्य नगर चौक वाले रोड की तरफ निकल पड़ा। हाथी की दस्तक से लोगों में अफरा तफरी मच गई। जटवाड़ा पुल की तरफ से होते हुए निकले टस्कर हाथी को देखते ही लोग इधर-उधर भागने लगे। किसी ने हाथी की वीडियो भी अपने कमरे में कैद कर ली। ऐसा पहली बार हुआ है जब टस्कर



हाथी जंगल से भटककर शहर की तरफ आया है। हाथी के शहर में आने से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। लोगों ने इसकी सूचना वन प्रभाग और पुलिस को दी। ट्रैफिक रोकने के बाद हाथी को किसी तरह जंगल की ओर खदेड़ा गया।

# गुरूद्वार नानकमत्ता साहिब के चार डायरेक्टरों पर लगाया गया झूठा केस: पृथपाल सिंह

रूद्रपुर। गुरूद्वारा नानकमत्ता साहिब के कई डायरेक्टरों ने संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता कर गुरूद्वारा नानकमत्ता साहिब के एक सेवादार द्वारा चार डायरेक्टरों के विरूद्ध झूठा केस करने का आरोप लगाया जो बाबा



तरसेम के पक्ष के नहीं हैं। गुरूद्वारा प्रबंधन कमेटी के रूद्रपुर डायरेक्टर पृथपाल सिंह व किच्छा के निर्मल सिंह हंसपाल ने कहा कि 30 जनवरी को 4 निदेशकों के खिलाफ झूठा मामला बनाया गया। साथ ही गुरूद्वारा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष स. हरबंस सिंह चुघ के खिलाफ भी झूठा मामला बनाया। उन्होंने बताया कि गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के कुछ संचालकों के पास व्हाट्सएप ग्रुप में एक वीडियो है। जिसमें गुरूद्वारे के एक सेवादार ने दूसरे सेवादार के बेटे पर गंभीर आरोप लगाये हैं। इस मामले में बात करने चार डायरेक्टर 30 जनवरी को (शेष पृष्ठ सात पर)

# महिलाओं पर बाघ ने किया हमला,एक गंभीर

कोटद्वार(उद संवाददाता)। लैंसडोन वन प्रभाग की दुगड्डा रेंज में बाघ ने घाट काटने जा रही महिलाओं पर हमला कर दिया। इस दौरान एक महिला बुरी तरह से घायल हो गई। महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार,



घटना सुबह की है। ग्राम पंचायत सकाली के सरूड़ा गांव निवासी 42 वर्षीय पुष्पा देवी पत्नी सुरेंद्र सिंह नेगी गांव की तीन अन्य महिलाओं के साथ जंगल में घास लेने जा रही थी। इस दौरान रेंज कार्यालय और अल्दावा गांव के बीच तलगांव के पास झाड़ी में छिपे बाघ ने उन पर हमला कर दिया। हमले के दौरान सबसे आगे चल चली कविता देवी नीचे झुक गई। जबकि उसके पीछे चल रही पुष्पा देवी पर बाघ झपट पड़ा। हमले के बाद पुष्पा देवी नीचे जमीन पर गिर गई। हमले में असफल (शेष पृष्ठ सात पर)

# 12 मई को ब्रह्ममुहुर्त में खुलेंगे बदरीनाथ धाम के कपाट

टिहरी (उद संवाददाता)। बसंत पंचमी पर बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तारीख तय हो गई है। बदरीनाथ धाम के कपाट 12 मई को ब्रह्ममुहुर्त प्रातः 6 बजे खुलेंगे। बसंत पंचमी के अवसर पर नरेंद्रनगर (टिहरी) स्थित राजदरबार में कपाट खुलने की तारीख घोषित की गई। जबकि, केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तारीख शुक्रवार 8 मार्च शिवरात्रि के अवसर पर तय होगी। गंगोत्री-यमुनोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया के दिन खोले जाएंगे। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तारीख परंपरागत रूप से राजमहल नरेंद्र नगर में तय हुई। बसंत पंचमी के दिन बुधवार सुबह को धार्मिक



समारोह शुरू होने के साथ ही पूजा-अर्चना, पंचाग गणना के बाद धाम के कपाट खोलने की तारीख का ऐलान किया गया। तेल-कलश यात्रा की भी तिथि 25 अप्रैल को तय हुई। केदारनाथ धाम के कपाट खोलने की तारीख 8 मार्च को शिवरात्रि के दिन तय होगी। पंच केदार गद्दस्थल श्री ओकारेश्वर मंदिर उखीमठ(रूद्रप्रयाग) में विधि-विधान पंचांग गणना के बाद कपाट खोलने की तारीख का ऐलान होगा। इसी दिन श्री केदारनाथ भगवान के पंचमुखी भोगमूर्ति के केदारनाथ धाम प्रस्थान का भी कार्यक्रम तय हो जायेगा। इस वर्ष अक्षय तृतीया शुक्रवार 10 मई को है परंपरागत रूप से गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया को खुलते (शेष पृष्ठ सात पर)

# पत्थरबाज महिलाओं पर कसा शिकंजा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। गत 8 फरवरी की देर सायं सरकारी भूमि पर से अवैध रूप से बनाई गये मदरसे और इबादतगृह को तोड़ने प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में आये नगर निगम कर्मियों तथा पुलिस कर्मियों पर पथराव करने वाली महिलाओं को पकड़ने के लिए पुलिस ने अपना शिकंजा कस लिया है। विभिन्न विडियो देखने के बाद पुलिस ने पथराव करने वाली कई महिलाओं को चिन्हित किया(शेष पृष्ठ सात पर)

# पीएम मोदी के हस्तक्षेप से मुमकिन हुई कतर से रिहाई : कैप्टन सौरभ

## घर लौटे कैप्टन सौरभ, माता पिता और बेटे के भी छलके आंसू

देहरादून(उद संवाददाता)। कतर जेल से रिहा होकर कैप्टन सौरभ वशिष्ठ मंगलवार रात दून में अपने घर पहुंचे। उन्हें देखते ही उनके माता-पिता भावुक हो गए। कैप्टन सौरभ वशिष्ठ ने कार से उतरते ही पहले माता-पिता को गले लगाया फिर आशीर्वाद लिया। इस दौरान जोरदार आतिशबाजी और नारेबाजी कर उनका स्वागत किया गया। कैप्टन सौरभ वशिष्ठ ने कहा कि प्रभु के आशीर्वाद से मुझे नई जिंदगी मिली है। उन्हीं की कृपा से आज मैं अपने घर पहुंच सका हूं। कतर के वो दिन अब पीछे हैं। जिंदगी में जो नहीं कर पाया हूं, अब इस नई जिंदगी में उन्हें करूंगा और अपने सपने पूरे करूंगा। कतर से रिहा होकर पूर्व नौसैनिक कैप्टन सौरभ वशिष्ठ दिल्ली से मंगलवार रात अपनी पत्नी और बच्चों के साथ कार से देहरादून के क्लेमेंटटाउन स्थित अपने घर पहुंचे। घर पहुंचते ही उनके माता-पिता और भाजपा नेता महेश पांडेय ने क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर फूलमाला, पटका और आतिशबाजी कर उनका जोरदार स्वागत किया। घर के द्वार पर ही उनकी माता ने आरती उतारी और तिलक किया।

कैप्टन सौरभ वशिष्ठ ने कहा कि प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद और पीएम मोदी के सहयोग से आज अपने घर पहुंच सका हूं। मेरे जीवन के इस कठिन पल में पत्नी, बच्चे और परिवार मेरे साथ खड़ा रहा। उन्होंने स्थानीय लोगों का भी



आभार जताया। कैप्टन सौरभ वशिष्ठ ने दून में कदम रखते ही सबसे पहले मंदिर में मत्था टेका। वह रात में जैसे ही दून पहुंचे तो सबसे पहले मोहब्बेवाला स्थित साईं मंदिर में रुके और दर्शन किए। इसके बाद उन्होंने घर पहुंचकर घर के मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। कैप्टन सौरभ ने कहा कि उस कठिन समय में 15 से 30 सेकंड तक पिता से बात होती थी। उसमें पिता हमेशा ढांढस बंधाते रहते। 15 से 30 सेकंड में हर बार पिता यही बोलकर थे, बेटा देर है अंधेर नहीं.. ये बताते ही कैप्टन सौरभ वशिष्ठ रो पड़े। कैप्टन सौरभ ने कहा कि प्रभु की कृपा और पीएम मोदी के व्यक्तिगत हस्तक्षेप से ही में आज अपने घर लौट सका हूं। आज घर लौटने की जो खुशी है उसे शब्दों में बयां नहीं कर सकता।

# कर्फ्यू ग्रस्त बनभूलपुरा इलाके में पहुंचायी खाद्यान्न सामाग्री, पशुओं का हुआ टीकाकरण



हल्द्वानी(उद संवाददाता)। कर्फ्यू ग्रस्त बनभूलपुरा इलाके में प्रशासन द्वारा आवश्यक सेवाओं की पूर्ति तेजी के साथ की जा रही है जिला अधिकारी वंदना सिंह के निर्देश पर मंगलवार को हल्द्वानी के बनभूलपुरा में खाद्य सामग्री तेल मसाले फल सब्जियां गैस सहित अन्य आवश्यक सामग्रियों का वितरण किया गया । इसके अलावा स्वास्थ्य सेवाओं को पहले ही सुचारु कर लिया गया है जोनल मजिस्ट्रेट ए पी वाजपेई ने बताया कि मंगलवार को बनभूलपुरा क्षेत्र में आवश्यक सामग्रियों का वितरण किया गया जिसमें खाद्यान्न सामाग्री , तेल, मसाले, अंडे, ब्रैड , सब्जियों/फल तथा भारत गैस का वितरण वनभूलपुरा हल्द्वानी के क्षेत्रों में जिला प्रशासन द्वारा वितरित किये राशन और अवश्यक सामग्री के अनुसार आटा 250 बैग प्रति 05 ह्तेल 300 बॉटल प्रति 500 एम एल। अंडे 300 कैरेट, ब्रैड 400 पैकेट मसाले 40, सब्जी/फल 02 पिकअप 562 सिलिंडर भारत गैस, 50



सिलेंडर इंडेन , 5600 लीटर दूध, 200 किलो दही और इसके अलावा जोनल मजिस्ट्रेट ए पी वाजपेई ने बताया कि बनभूलपुरा स्वास्थ्य केंद्र में 84 ओपीडी हुई और पशु चारा भी बंटवाया गया। वही बनभूलपुरा क्षेत्र में आज जिला प्रशासन नैनीताल एवम मुख्य पशुचिकित्साधिकारी नैनीताल डा. डीसीजोशी के दिशा निर्देशन तथा वरिष्ठ पशुचिकित्साधिकारी हल्द्वानी डाआरके पाठक के नेतृत्व में हल्द्वानी के कर्फ्यू ग्रस्त क्षेत्र बनभूलपुरा में बृहद पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। जिसमे 30छोटे और 14बड़े पशुओ की चिकित्सा एवम 17 फीड ब्लॉक का वितरण किया गया। जिसमे 1962 की टीम तथा सचल भीमताल द्वारा उचित सहयोग दिया गया। शिविर में डाविवेक, डाभावना, वेफार्मासिस्ट सरिता तड़ागी एवम प.प्रसार अधिकारी सत्येन्द्र चुफाल उपस्थिति रहे।

# एक करोड़ की ठगी करने वाले गिरोह का तीसरा आरोपी गिरफ्तार

देहरादून(उद संवाददाता)। म्यूचुअल फंड में निवेश का लालच देकर एक करोड़ रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के एक और सदस्य को एसटीएफ ने महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है। गिरोह के दो सदस्यों को एसटीएफ पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गिरोह पर देशभर में 159 मुकदमे दर्ज हैं। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि गिरोह के तीन हजार से ज्यादा साइबर अपराधों से तार जुड़े हैं। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में एक प्रकरण सामने आया था। पीड़ित को व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क कर म्यूचुअल फंड में धनराशि लगाकर लाभ कमाने का लालच देकर एक करोड़ रुपये की ऑनलाइन ठगी की गई थी। साइबर क्राइम पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच की। जांच के बाद एसटीएफ ने गिरोह के महमीद शरीफ निवासी मार्केट रोड बड़ा उडिपि कर्नाटक और वैश्यक उन्नीकृष्णन निवासी ओलेसरी हाऊस पल्लथ रोड कोड्गंलूर पुलुट त्रिशूर केरल को गिरफ्तार किया। इनकी गिरफ्तारी और पूछताछ के बाद एसटीएफ ने गिरोह के एक और सदस्य युसुफ मिर्जा खान निवासी रूम नंबर 141




साल्ट पैन रोड संगम नगर वडाला ईस्ट मुम्बई को महाबलेश्वर महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है। आरोपी ठगी के लिए पीड़ित के मोबाइल पर मलेशिया से व्हाट्सएप मैसेज करते थे। उन्होंने एक वेबसाइट बनाई थी। जिसके माध्यम से म्यूचुअल फंड में निवेश करने की सलाह देते थे। पीड़ित को विश्वास में लेने के लिए 10000 रुपये की राशि के साथ निवेश की शुरुआत कराते थे। शुरुआत में पीड़ित को रिटर्न भी देते थे। एक करोड़ की ठगी के मामले में भी ऐसा ही किया। पीड़ित ने लालच में आकर तीस लाख रुपये निवेश कर दिए। फिर एक करोड़ का निवेश कर दिए। ठगी के लिए आरोपी फर्जी आईडी से लिए सिम का प्रयोग करते हैं। एसएसपी ने बताया कि गृह मंत्रालय के सहयोग से आरोपी से बरामद विभिन्न बैंक खातों, मोबाइल नंबरों का गहनता से विश्लेषण किया गया। पता चला कि आरोपियों के ऊपर देशभर में 159 मुकदमे एवं 3272 आपराधिक लिंक मिले हैं। उत्तर प्रदेश में 19, महाराष्ट्र में दो, तेलंगाना में 62, दिल्ली में 15, बिहार में सात, तमिलनाडु में 14, हरियाणा में आठ, कर्नाटक में 15, गुजरात में छह, आंध्र प्रदेश में तीन, छत्तीसगढ़ में चार, उत्तराखंड में दो, चंडीगढ में दो मुकदमे दर्ज हैं।

# पथराव में फंसी महिला जवानों को बचाने के लिए डटे रहे एसपी सिटी हरबंस सिंह

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। बनभूलपुरा में पथराव और आगजनी के बीच जब फोर्स पीछे हट गई थी तब उपद्रवियों के बीच फंसने पर एसपी सिटी हरबंस सिंह अपने साथ मौजूद महिला जवानों को बचाने के लिए अंत तक न सिर्फ डटे रहे, बल्कि जवानों को सबसे पहले निकालने के बाद आखिर में वहां से निकले। जब थाने में आग लगने की जानकारी मिली तो जवानों को बचाने के लिए दोबारा हिंसाग्रस्त क्षेत्र में घुस गए। बनभूलपुरा में अतिक्रमण तोड़ने के दौरान एसपी सिटी हरबंस सिंह की अगुवाई में फोर्स को सबसे आगे पूरब की ओर लगाया था, जहां अतिक्रमण हटना था। एसपी सिटी हरबंस सिंह ने बताया कि इस बीच पथराव शुरू हो गया और एक दीवार के पीछे से लोग पत्थर फेंकने लगे। उनको वहां से हटाने के लिए करीब 15-16 जवानों के साथ आगे बढ़े और दीवार को तुड़वाकर आगे मैदान में चले गए। इस बीच भीड़ बढ़ती गई और पथराव तेज हो गया। पीछे मौजूद फोर्स वहां से हटने लगी, लेकिन जब तक वे वहां से निकलते फोर्स पीछे जा चुकी थी और वे दोनों तरफ से फंस गए थे। उनके साथ महिला फोर्स के जवान अधिक थे, इसलिए उनको बाहर निकलने की पहली प्राथमिकता थी।



महिला जवानों को बचाने के लिए उनको पहले बाहर निकलने के लिए कहा और उनको आगे कर वह खुद उनके पीछे से आने लगे। इस दौरान उनके हाथ, कमर और पैर में पत्थर लगने से चोट लगी। हाथ से खून भी बहने लगा था। जहां पर जेसीबी खड़ी थी, वहां से आगे निकलते ही जेसीबी चालक को भी वहां से जाने को कहा। थोड़ी देर में ही उपद्रवी जेबीसी में चढ़ गए। वहां से जैसे ही बाहर की ओर आए तो यहां मोड़ पर आग लगी थी, तब एक गली में घुस गए। मगर अंधेरे में कुछ सिपाही रास्ता भटक गए और दूसरी गली में चले गए। लेकिन उनको पूरा रास्ता पता था इसलिए जो साथ थे पहले उनको अंबेडकर नगर की गली से बाहर निकाला। उसके बाद भटके हुए सिपाहियों को भी खोजकर करीब सवा 7 बजे बाहर निकल पाए। बाहर आकर सबसे पहले घायलों को देखा और अस्पताल भिजवाया। एसपी सिटी हरबंस सिंह ने बताया कि हिंसाग्रस्त इलाके से बाहर ही निकले थे, तभी बनभूलपुरा थाने में आग लगने की सूचना मिली। इस पर चोटिल महिला जवानों को अस्पताल भिजवाकर तुरंत बनभूलपुरा थाने की ओर गए। वहां का मंजर बहुत भयावह था। सबसे पहले थाने में फंसे लोगों को बाहर निकलवाया। उसके बाद उपद्रवियों को खदेड़ने की कार्रवाई शुरू की।

# 24 करोड़ विद्युत बिल बकाया होने पर पैंतरा बदलकर लिया नया कनेक्शन

## पेपर मिल प्रबंधन व यूपीसीएल के भ्रष्ट अधिकारी सरकार के राजस्व को कर रहे हैं खोखला

-मनोज श्रीवास्तव-

काशीपुर। उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड को विभागीय अधिकारियों द्वारा यहां सुनियोजित तरीके से प्रतिमाह करोड़ों का चूना लगाए जाने का गैर कानूनी खेल लगातार जारी है। आरोप है कि भ्रष्ट अधिकारियों ने एक पेपर मिल के प्रबंधन से सांठगांठ कर लगभग 24 करोड़ रूपयों का घपला कर दिया। मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में बताया गया कि बाजपुर रोड स्थित मल्टीवॉल पेपर एंड बोर्ड मिल्स लिमिटेड नामक पेपर मिल पर उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड का लगभग 16 करोड़ रूपया पिछला बिल बकाया है। वर्तमान में यदि बिजली विभाग उक्त फैक्ट्री के मीटर की रीडिंग लेता है तो लगभग 6 करोड़ के आसपास अन्य बकाया भी निकलेगा। इस हिसाब से मल्टी वॉल पल्प एंड बोर्ड मिल्स लिमिटेड पर लगभग 24 करोड़ रुपए बिजली का बिल बकाया है जिसको खुर्द-बुर्द करने के लिए विभागीय अधिकारियों ने सुनियोजित तरीके से एक षड्यंत्र के तहत इसी स्थान पर कागजों में पेपर मिल प्रबंधन के साथ हमसाज होकर पेपर मिल का नाम बदलकर मैसर्स तेजस्वी पेपर मिल्स प्राइवेट लिमिटेड कर दिया ताकि आसानी से दोबारा से बिजली का कनेक्शन लिया जा सके। इसके साथ ही दस्तावेजों में फैक्ट्री का पता 9 किलोमीटर स्टोन बाजपुर रोड उधम सिंह नगर दर्शाया गया। यानी आरोप है कि पेपर मिल के 24 करोड़ रुपए बिजली के बिल के भुगतान को आपस में मिलकर बंदर बांट करने के बाद खाने कमाने का एक नया तरीका ईजाद करते हुए उक्त पेपर मिल को एक बार फिर से नए सिरे से कनेक्शन दे दिया गया। बकाया भुगतान सरकार के राजस्व में क्यों नहीं जमा कराया गया यह आज भी रहस्य है। सूत्रों की माने तो इस भ्रष्टाचार में विभाग के तमाम जिम्मेदार अधिकारी लिप्त है। डीजीएम अनिल वर्मा से जब इस बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उन्होंने बताया कि नया कनेक्शन उनके संज्ञान में नहीं है।

### उच्च स्तरीय जांच में अरबों का घोटाला हो सकता है उजागर

काशीपुर। यूपीसीएल के अंदर चल रहे बड़े गड़बड़ घोटाले की यदि विजिलेंस से जांच कराई जाए तो अरबों का घोटाला उजागर हो सकता है। हराम की कमाई पर यहां अधिकारी शानो-शौकत की जिंदगी जीते हुए अय्याशी में लिप्त हैं। आश्चर्य तो इस बात का है कि एक स्थान पर हुए 24 करोड़ के घोटाले की लिखित शिकायत मुख्यमंत्री को भेजने के बाद आज तक इस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। मामले को ठंढे बस्ते में डालने का स्पष्ट मतलब होता है कि कहीं ना कहीं सिस्टम में खोट है। इसी तरह स्टोर में भी करोड़ों का घपला है। अपुष्ट सूत्र बताते हैं कि पिछले लगभग 15 वर्षों से सेटिंग के बूते एक स्थान पर जमा एक विभागीय अधिकारी सरकार के राजस्व को दीमक की तरह खोखला कर रहा है। इसके कारगुजारियों की जांच की जाए तो चौंकाने वाले नतीजे सामने होंगे।

# लोकतंत्र के लिए सभी की सहभागिता आवश्यक

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पाण्डे ने जनपद की समस्त जनता से अपील की है कि स्वस्थ लोकतन्त्र के लिए सभी की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों की 18 वर्ष आयु पूर्ण हो चुकी है वो अपना नाम वोटर लिस्ट में अवश्य पंजीकरण करायें। श्री पाण्डे ने कहा कि आगामी लोक सभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान कर स्वस्थ लोकतन्त्र में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकते है। उन्होंने कहा कि अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नम्बर 1950 पर भी सम्पर्क कर सकते हैं। विश्व रेडियो दिवस



के अवसर पर विकासखंड रामगढ़ में स्वीप की टीम द्वारा कुमाऊ वाणी सूपी में मतदान जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न विद्यालयों के बच्चों एवं आमजनता को जागरूक किया। कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा स्वरचित गीत ,भाषण ,स्लोगन और समूह गीत के माध्यम से अपने विचार जनता तक पहुंचाये गए। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी रामगढ़ गीतिका जोशी, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर रश्मि पांडे, मीनाक्षी कीर्ति के साथ ही कुमाऊ वाणी से मोहन सिंह कार्की ,नारायण सिंह , जितेंद्र सिंह रैकवार, कविता बिष्ट और प्रवीण शर्मा आदि उपस्थित थे।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# किसानों के साथ वायदा खिलाफी कर रही केंद्र सरकार: पपनेजा

किच्छा(उद संवाददाता)।अखिल भारतीय राहुल गांधी बिग्रेड के पूर्व प्रदेश सचिव भूपेंद्र कुमार उर्फ बंटी पपनेजा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा किसानों पर लादे गए तीन काले कृषि कानूनों को वापिस लेते समय किए गए वायदों को पूरा न होने के विरोध में दिल्ली कूच कर रहे किसानों को जिस तरीके से रोक कर उनके आंदोलन को कुचलने का काम सरकार द्वारा किया जा रहा है वह पूर्ण रूप से अलोकतांत्रिक



व बेहद शर्मनाक है।पपनेजा ने कहा कि तीनों कानून वापस लेते समय केंद्र सरकार ने किसानों से यह वायदा किया था कि उनकी उपज का (एमएसपी) न्यूनतम मूल्य को जल्द निर्धारित किया जाएगा लेकिन लंबा समय बीत जाने के बाद भी केंद्र सरकार अपने वादों पर पूरी नहीं उतरी है जिसकी याद दिलाने के लिए किसानों ने दिल्ली कूच कर आंदोलन करने का निर्णय लिया था लेकिन केंद्र सरकार द्वारा उनके आंदोलन को कुचलना बेहद शर्मनाक है कहा कि केंद्र सरकार केवल पूंजी पतियों की सरकार बन गई है और उसे किसानों के हितों से कोई लेना-देना नहीं है। केंद्र सरकार किसानों के आंदोलन को कुचलकर अपना हिटलर शाही होने का परिचय दे रही है।पपनेजा ने कहा कि कल जिस तरह किसानों पर हरियाणा और पंजाब के शंभू बॉर्डर पर गैस के गोले व लाठियां बरसाकर भाजपा सरकार द्वारा उन्हें हटाने का प्रयास किया गया इससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार को देश की अन्नदाता के साथ कोई सरोकार नहीं है।पपनेजा ने कहा कि कांग्रेस हमेशा किसानों के साथ खड़ी रहेगी।

# घायल पत्रकारों को 51हजार रूपये की आर्थिक सहायता देंगे स्वामी रामगोविन्द दास

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कुमाऊँ की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था हरि शरणम जन के प्रमुख स्वामी रामगोविंद दास श्भाईजीश बनभूलपुरा हिंसा से प्रभावित हुए



पत्रकारों की मदद के लिए प्रमुखता से आगे आये हैं । एक महीने की धर्म प्रचार यात्रा पर ऑस्ट्रेलिया गए भाईजी ने सन्देश जारी कर सूचना दी कि उनके द्वारा प्रत्येक प्रभावित पत्रकार को इक्यावन हजार रूपये की राशि प्रदान की जाएगी। उन्होने इस दु:साहस भरे प्रकरण पर भारी नाराजगी जताते हुए कहा कि इस वारदात से हल्द्वानी की छवि को नुकसान हुआ है एवं पत्रकारों पर हुए जानलेवा हमले पर वह स्तंभित हैं । साथ ही उन्होंने शासन को भी सख्त कार्यवाही करने के लिए पत्र लिखा है । स्वामी रामगोविन्द दास ने प्रशासन को भी आवश्यकता पड़ने पर सहयोग की बात की है।

# महान गुरमत समागम होगा 15 फरवरी को

गदरपुर(उद संवाददाता)। महान गुरमत शुकराना समागम का आयोजन 15 फरवरी को ग्राम बलराम नगर में किया जा रहा है। जानकारी देते हुए बाबा भजन सिंह ने बताया कि ग्राम बलराम नगर तहसील गदरपुर जिला उधम सिंह नगर में 15 फरवरी बृहस्पतिवार को सायंकाल 7बजे से 10बजे तक महान शुकराना गुरमत समागम का आयोजन किया जाएगा जिसमें गुरुद्वारा नानकसर के बाबा प्रताप सिंह के दिशा निर्देशन में बाबा अमरजीत सिंह की टीम द्वारा हरि जस गायन किया जाएगा उन्होंने सभी संगत से समय अनुसार कार्यक्रम में पहुंचकर हरिजस श्रवण करने एवं गुरु के लंगर में सहभागिता करने का निवेदन किया है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# मतदाता जागरूकता के लिए चलायें अभियान

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत चल रही गतिविधियों की समीक्षा की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि मतदाता जागरूकता बढ़ाने तथा निर्वाचन में मतदान बढ़ाने हेतु वृहद्ध स्तर पर जन जागरूकता अभियान चलाया जाये। जन-जागरूकता हेतु सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेट फार्म्स का भी सहारा लिया जाये और प्रतिदिन संचालित गतिविधियों को सोशल मीडिया पर साझा किया जाये। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी ने वीडियो जारी करते हुए जनपद के सभी सम्मानित मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि आगामी सामान्य लोक सभा निर्वाचन 2024 में लोकतंत्र की मजबूती हेतु मतदान अवश्य करें, साथ ही अपने परिवार जनों मित्रों व परिचितों को भी मतदान हेतु प्रेरित करें। इसके साथ ही सभी नव युवकों से भी विशेष अपील करते हुए कहा कि यदि एक जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण हो चुकी है और उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है तो ऐसे नव युवक वोटर एप या अवजमते.मबप. हवअ.पद के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। अन्य किसी भी जानकारी हेतुटॅलफ्री नम्बर 1950 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

सस्ते प्लाट
- भूरारानी, नगर निगम क्षेत्र में सबसे सस्ते प्लॉट,7000,8000 रू.प्रति गज।
- 30 ×60 गज की बेहतरीन कोठी मलिक कॉलोनी
- 3.67 एकड़ कृषि/ कॉमर्शियल भूमि गदरपुर रोड दानपुर

-शीघ्र सम्पर्क करें-
9897064707

# राजकीय इंटर कॉलेज के छात्रों ने फिनो मिनी बैंक का किया शैक्षिक भ्रमण

सितारगंज (उद संवाददाता)। राजकीय इंटर कॉलेज सितारगंज व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत पढ़ाई जाने वाले आईटी कंप्यूटर विषय के तहत कक्षा 9 व 11वी के छात्रों ने कोऑर्डिनेटर मोहन देव व्यावसायिक शिक्षक मोहम्मद सलमान एवं सचिन




शर्मा के नेतृत्व में फिनो मिनी बैंक में शैक्षिक भ्रमण किया।वही राजकीय इंटर कॉलेज में अध्ययनरत कक्षा 9 व 11 के छात्रों ने निवेश शिक्षा के अंतर्गत शैक्षिक भ्रमण के दौरान बैंक तथा ऑनलाइन सभी कार्यों को विस्तृत रूप से जाना।वहीं बैंक भ्रमण के दौरान प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार पाठक ने कहा कि इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को कार्य क्षेत्र में कंप्यूटर का प्रयोग कंप्यूटर के प्रयोग से अवगत कराना है।

# होटल कर्मी से की मारपीट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस जगतपुरा में खाना लेने जा रहे एक होटल कर्मी से कुछ लोगों ने मारपीट कर उसे घायल कर दिया। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में दिनेश चंद्र पुत्र संजय कुमार, राज पैलेस होटल, आवास विकास ने कहा है कि 13 फरवरी को सांय वह जगतपुरा स्थित अतिथी रेस्टोरेन्ट में स्वंय के लिए खाना लेने गया था। वहाँ पर सुमित राठौर, अमित राठौर, विशाल उर्फ नन्नू, सुनील राजपूत उर्फ सिक्का पुत्र तथा कुछ अन्य ने आकर एकराय होकर बिना कुछ कारण बताए उसके साथ मार पीट शुरू कर दी। जिससे उसे गंभीर चोटें आयी है। मारपीट करने के बाद उक्त लोग उसे जान से मारने की धमकियाँ देकर गये। वे लोग अपने साथ डंडा व धारदार हथियार लेकर आए थे। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड



कैसे मना लूँ मैं ये प्यार का त्यौहार...
जबकि मुझे तो है अपने देश से है प्यार,
कैसे बाँट लूँ मैं उपहार,
जबकि मेरे लिए तो आजादी है
सबसे बड़ा उपहार,
कैसे मना लूँ मैं प्रेम का त्यौहार,
नहीं कोई ये हमारे देश का त्यौहार
देश के लिए काला दिवस है आज,
छिन गया बहनो का श्रृंगार,
कैसे मना लूँ मैं पाश्चात्य त्यौहार,
पांच बरस हुए हमले को,
कैसे भूल जाऊँ मैं अपने
देश पर हुआ वार, कितनी ही मांओ ने
खो दिये अपने लाल,
कितनी ही बहनो का छूटा
राखी का त्यौहार,
कैसे भूल जाएं हम,
पुलवामा पर हुआ वार,
आहत हुआ था हर देशवासी का मन,
कैसे ना हो आहत मन मेरा
देख अनाथ बचपन को,
क्या दोष उन जवानों की टोली का,
वो तो बस माँ भारती की
सेवा में तत्पर रहे,
काला दिवस है आज का
हर भारतवासी के लिए,
बलिदान आपका हम याद रखेंगे
ये काला दिवस हम याद रखेंगे,
वतन से बढ़कर मोहब्बत
आखिर हम किससे करेंगे,
जो आयी बात वैलेंटाइन डे की
तो ए मेरे वतन सबसे
पहले हम तुझे चुनेंगे...
वतन परस्ती से बढ़कर
मेरे लिए कुछ भी नहीं,
कभी जो मिला मौका तो
सरहद पर जाकर दुश्मनों से भी तेरे लिए
भिड़ जायेंगे...जय हिन्द

**-निकेता पाहुजा,रुद्रपुर**

# किचन सैफ पर धारदार हथियार से किया हमला

काशीपुर । होटल में काम करने वाले किचन सैफ ने मामूली बात पर मालिक पर धारदार हथियार से हमला बोलकर उसका सिर फाड़ते हुए उसे गंभीर रूप से लहुलुहान कर दिया। इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर गिरीताल रोड स्थित सिंह होटल के किशन सिंह रावत पुत्र स्वर्गीय प्रेम सिंह ने बताया कि बीते 10 फरवरी की रात्रि लगभग 10 बजे होटल में काम करने वाले मोहन सिंह बिष्ट नामक किचन सैफ ने अचानक चापड़ से उस पर प्राण घातक हमला किया गया। इस दौरान बचाव में उसके हाथ का अंगूठा टूट गया और सिर पर गंभीर चोट होने के कारण उसमें कई टांके आए।

# उपेक्षा से नानकमत्ता का मुक्तिधाम हुआ बदहाल







नानकमत्ता (उद संवाददाता)। नानकमत्ता का मुक्तिधाम अपनी बदहाली व उपेक्षा के कारण आंसू बहाने पर मजबूर है। लगभग 40 वर्ष पूर्व ग्राम सभा नानकमत्ता के प्रबुद्ध वर्ग तथा समाजसेवियों द्वारा खटीमा मार्ग पर नगर से लगभग 1 किलोमीटर दूर मुक्तिधाम की नींव रखी गई जहां पर समय-समय पर विभिन्न संस्थाओं जन प्रतिनिधियों एवं जनमानस के सहयोग से शवदाह स्थल, लोगों के बैठने के लिए विश्राम स्थल तथा दो कक्षों का निर्माण करवाया गया, परंतु चाहरदीवारी, धनाभाव व उचित देखरेख न होने के कारण आज यह मुक्तिधाम जीर्ण-क्षीर्ण अवस्था में पहुंच गया है। वर्तमान में नानकमत्ता एक ग्राम सभा से नगर पंचायत का रूप ले चुकी है एवं ग्राम सभा सिद्धा के लिए भी एकमात्र संस्कार स्थल यही है। यहां यह भी ध्यान रहे कि नगर व ग्राम सभा में अधिकांश जनसंख्या हिंदू अथवा सिख हैं जिनके परिजनों का दाहसंस्कार इसी मुक्तिधाम में किया जाता है। नगर का एकमात्र मुक्तिधाम धनाभाव तथा उचित देखरेख ना होने के कारण पूर्ण रूप से बदहाल स्थिति में पहुंच चुका है। यहां ना तो उचित प्रकाश व्यवस्था है ना ही संस्कार स्थल सही सलामत हैं यहां तक की शव को रखने का भी उचित स्थान यहां पर नहीं है। चाहरदिवारी के अभाव में मुक्तिधाम की जमीन तक भी अतिक्रमण से मुक्त नहीं रह पाई है। गाहे-बगाहे जनप्रतिनिधियों के द्वारा कुछ आर्थिक सहयोग यहां के सौंदर्यीकरण हेतु दिया जाता रहा है। परंतु वह ऊंट के मुंह में जीरे के समान ही साबित हुआ है। सबसे पीड़ा दायक स्थिति तो तब होती है कि जब कोई व्यक्ति अपने परिवारजनों की अस्थियां तक भी सुरक्षित नहीं रख पाता है और मजबूर होता है कि वह उनको बाहर किसी जगह सुरक्षित रख पाए लेकिन यहां भी उसको असफलता ही हाथ लगती है और असामाजिक तत्वों एवं पशु पक्षियों के द्वारा उन अस्थियों को भी नुकसान पहुंचा दिया जाता है।इससे बड़ी विडंबना क्या होगी की परिवार के लोग अपने प्रिय जनों के फूल( अस्थि) तक भी सुरक्षित नहीं रख पाते हैं। नानकमत्ता मुक्तिधाम कब से टकटकी लगाए किसी आर्थिक सहयोग के लिए निहार रहा है और सोच रहा है कि न जाने वह दिन कब आएगा जब मैं भी अतिक्रमण मुक्त होकर मूलभूत सुविधाओं से सुसज्जित होकर लोगों के दुखों को बांट सकूंगा।

# उत्तराखण्ड में 16 हजार करोड़ के रोपवे मंजूर : गडकरी




## केंद्रीय मंत्री और सीएम धामी ने हरिद्वार में 4755 करोड़ लागत की 30 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया



हरिद्वार(उद संवाददाता)। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी एवं मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को हरिद्वार में 4755 करोड़ लागत की 30 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में वर्ष 2016 में 2517 किमी राष्ट्रीय मार्ग था जो वर्ष 2024 में बढ़कर 3608 किमी पहुंच गयी है। उन्होंने कहा कि हमनें उत्तराखण्ड में 16 हजार करोड़ के रोपवे मंजूर किए है। उन्होंने कहा कि आज जिन परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है, उनके निर्माण से उत्तराखंड विकास की तेज गति हासिल करेगा। चारधाम मार्गों पर श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम होगी। उत्तराखंड की अन्य राज्यों से कनेक्टिविटी बढ़ने से आर्थिक और सामाजिक विकास को गति मिलेगी।मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मानव सभ्यता की यात्रा के लिए सड़कों का निर्माण अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में पूरे देश में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली देहरादून एलिवेटेड एक्सप्रेस वे का निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहा है और इस एक्सप्रेस वे के बनने से देश की राजधानी से उत्तराखंड की राजधानी पहुंचने में महज ढाई घण्टे लगेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने और राज्य को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अनेकों कार्य किये जा रहे हैं। प्रदेश में हर स्तर पर कनेक्टिविटी को सुधारा जा रहा है, उद्योगों के विकास पर बल दिया जा रहा है। इस अवसर पर सांसद हरिद्वार डॉ.रमेश पोखरियाल निशंक, सांसद तीरथ सिंह रावत, राज्य सभा सांसद श्री नरेश बंसल, श्रीमती कल्पना सैनी, कैबिनेट मंत्री श्री प्रेमचंद अग्रवाल, श्री सुबोध उनियाल,विधायक श्री मदन कौशिक, श्री आदेश चौहान, श्री प्रदीप बत्रा आदि उपस्थित रहे।

## 'वसुधैव कुटुम्बकम' व्याख्यान माला कार्यक्रम में किया प्रतिभाग

हरिद्वार(उद संवाददाता)। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी एवं मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार में आयोजित 'वसुधैव कुटुम्बकम' व्याख्यान माला कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी ने कहा कि मेरी एक बार पुन: गायत्री परिवार का हिस्सा बनने के लिए हरिद्वार आने की प्रबल इच्छा थी। यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे आप सभी से दोबारा जुड़ने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी को राज्य में किए अपने अच्छे कार्य गिनाने की जरूरत नहीं है, उत्तराखण्ड के लोगों का मुख्यमंत्री के प्रति यह स्नेह और विश्वास उनके कार्य कौशल को साफ दिखाता है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हम सभी के लिए यह सौभाग्य का विषय है कि आज वसुधैव कुटुम्बकम् की थीम पर आयोजित इस विशेष व्याख्यानमाला में हम सभी को केन्द्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देव संस्कृति विश्वविद्यालय एक प्रमुख शिक्षण संस्थान है जो विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्रदान करता है। यहां विश्व भर से छात्रों को अद्वितीय शिक्षा और विकास के अवसर प्रदान किए जाते हैं। कार्यक्रम से पहले केंद्रीय मंत्री एवं मुख्यमंत्री ने शौर्य दीवार पर देश के अमर वीर जवानों को पुष्पांजलि अर्पित की। इसके साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में मौलश्री के पौधे भी रोपित किए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति श्री चिन्मयानंद पांडेय, विधायक श्री मदन कौशिक, विश्वविद्यालय के आचार्यगण और समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# ब्रिलियंट एकेडमी में धूमधाम से मनाया बसंत पंचमी पर्व




रुद्रपुर (उद संवाददाता)। आजाद नगर ट्रांजिट कैंप में स्थित ब्रिलिएंट एकैडमी जूनियर हाई स्कूल में आज बसंत पंचमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय में सभी छात्र छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने संयुक्त रूप से विधि विधान के साथ मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर विद्या एवं ज्ञान का वरदान मांगा। पूजा अर्चना के पश्चात विद्यालय से छात्र छात्राओं द्वारा जन जागरुकता रैली सम्पूर्ण क्षेत्र में निकाली गई। जिसमें स्लोगन लिखी पट्टिकाओं के साथ नारेबाजी करते हुए सभी लोगों को पर्यावरण व जल संरक्षण, नशा मुक्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, कन्या भ्रूण हत्या, यातायात नियमों का पालन करने सहित अन्य कई बिंदुओं के प्रति जागरूक किया गया। रैली को दर्ज राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, विद्यालय प्रबंधक परिमल राय व प्रधानाध्यापिका बुलबुल राय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली विद्यालय से प्रारंभ होकर आजादनगर, मुख्य मार्ग, ठाकुरनगर, विवेकनगर, राजा कालोनी आदि मार्गों से होकर गुजरती हुई वापस विद्यालय में सम्पन्न हुई। रैली में घुड़सवार नेताजी सुभाष चंद्र बोस, घुड़सवार रानी लक्ष्मीबाई, घुड़सवार महाराणा प्रताप सहित यमराज व बालक मारकंडे राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान, भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, अंग्रेजों द्वारा किए जा रहे भारतवासियों परजुल्म का दृश्य की झांकियां भी प्रदर्शित की गई। जिन्होंने लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया तथा भविष्य के डॉक्टर टीम, इंजीनियर टीम, एडवोकेट टीम भी आकर्षण का केंद्र बिंदु रही। रैली में डंपर लेजियम डांडिया में भी बच्चों ने प्रतिभाग किया। विद्यालय के प्रबंधक परिमल राय ने छात्र छात्राओं एवं अध्यापक अध्यापिकाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि सनातन धर्म में बसंत पंचमी पर्व का विशेष महत्व है। इस दिन पीला वस्त्र धारण कर मां सरस्वती की विधि विधान से पूजा अर्चना करते हैं। साथ ही बसंत ऋतु के आगमन का स्वागत भी करते हैं। उन्होंने सभी शिक्षित शिक्षिकाओं से आग्रह किया कि वह बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्र सेवा एवं अच्छे संस्कार भी दें ताकि बच्चे बड़े होकर देश के विकास में सहयोग कर अपने परिवार का नाम रोशन करें। प्रधानाचार्या बुलबुल राय ने सभी को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दी तथा सभी के उज्जवल भविष्य की मां सरस्वती से कामना की। इस दौरान अनेक छात्र छात्राओं द्वारा बसंत पंचमी पर्व एवम मां सरस्वती वंदन के कई गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर दुर्जन लाल, गोपाल कृष्ण, दीपक वर्मा, अशोक मौर्य, गायत्री श्रीवास्तव, सुमन देवी, अनुपमा सिंह, रोहित सिंह, आरती श्रीवास्तव, दिया राय , राजन कुमार, ज्योति सिंह, हेमवती गंगवार, साक्षी, प्रियंका पाठक, अंजली, पिंकी, शालिनी कश्यप, प्रीति सैनी, राधा गुप्ता, सीमा सिंह, करिश्मा सक्सेना, प्रतीक्षा गंगवार, रूपा राठौर, हेमवती गंगवार, पुष्पा गुप्ता, कविता देवी, सरिता देवी, शिवांगी राणा मौजूद रहे।

## विधायक शिव ने रूद्रपुर में 1100 करोड़ की रिंग रोड देने पर केंद्रीय मंत्री का जताया आभार



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस चंपावत के टनकपुर में एनएचआई के कार्यक्रम में शामिल होने आये केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का पंतनगर एयरपोर्ट पर विधायक शिव अरोरा ने उनसे शिष्टाचार भेट कर देवभूमि उत्तराखंड आगमन पर स्वागत किया। मुलाकात के दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा 2019 में उनके जिला अध्यक्ष रहते उन्होंने रिंग रोड का जो प्रस्ताव दिया था वह 1100 करोड़ का प्रस्ताव स्वीकृत होकर उसके भूमि अधिग्रहण का कार्य भी पूर्ण हो गया है। जिसके लिये केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का विधायक ने आभार जताया। साथ ही कहा कि उनके निर्देश पर रुद्रपुर क्षेत्र में रिग रोड बनने जा रहा है। जिससे जाम से क्षेत्र की जनता को मुक्ति मिल जाएगी। साथ ही विधायक शिव अरोरा ने केंद्रीय मंत्री गडकरी से आग्रह किया कि उक्त रिंग रोड के निर्माण में हो रही देरी को देखते हुए शीघ्र इसका निर्माण कार्य प्रारंभ करवाया जाये। जिस पर सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने एनएचआई अधिकारियों को निर्देशित किया रिंग रोड के कार्य को जल्द से जल्द प्रारम्भ करने का कार्य करे। विधायक शिव अरोरा ने श्री गडकरी से कहा उनके प्रयासों से आज भारत मे चारो ओर सड़को के जाल बिछाया जा रहा है जो नये भारत विकसित भारत की ओर बढ़ते कदम को दर्शाता है ।

## पुलिस ने महिला सुरक्षा के सिखाये गुर

गदरपुर(उद संवाददाता)। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गदरपुर में समग्र शिक्षा के अंतर्गत बालिकाओं हेतु एडोलसेंस कार्यशाला के दूसरे दिन थानाध्यक्ष भुवन चंद जोशी के निर्देश पर पहुंची पुलिस टीम ने बालिकाओं को स्वयं सुरक्षा,महिला सुरक्षा एवं महिला हेल्पलाइन के संबंध में जानकारियां प्रदान कीं।कार्यक्रम के द्वितीय दिवस का शुभारंभ प्रभारी प्रधानाचार्य डॉक्टर किरण बाला पांडे, महिला कां० पार्वती देवी, कां० मोहन बोरा, कां० लालता प्रसाद टम्टा एवं होमगार्ड दीपक शर्मा द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत की सुंदर प्रस्तुति की गई। प्रधानाचार्य डॉ,किरण बाला पांडे द्वारा पुलिस टीम का धन्यवाद करते हुए छात्राओं से पुलिस टीम द्वारा दिए गए निर्देशों का स्वयं सुरक्षा, महिला सुरक्षा के लिए अनुपालन करने का आहवान किया । छात्राओं ने महिला कांस्टेबल पार्वती देवी से पुलिस व्यवस्था संबंधी जानकारियां प्राप्त की। कां,लालता प्रसाद टम्टा द्वारा सभी बालिकाओं को किसी भी समस्या के समय 112 एवं



1090 डायल करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान सेवानिवृत शिक्षक एवं वरिष्ठ कवि सुबोध शर्मा द्वारा स्वरचित कविताओं के माध्यम से बालिकाओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ,दीप्ति वर्मा,डॉ,नीरजा वर्मा व श्रीमती तारा जोशी द्वारा पुलिस टीम एवं छात्राओं का धन्यवाद किया गया।इस मौके पर वरिष्ठ अध्यापिका माया भोज,नंदिनी शर्मा,कुसुम लता,नीरू जोशी ,मिनती रानी विश्वास, ललिता विष्ट ,निशा टम्टा, अंजली आर्य,नीमा गुरौ,नीतू नेगी,वंदना रानी,विनीता,कमलेश,ज्योति सक्सेना, सपना रानी, गुड़िया रानी,वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी नितेश शर्मा,मुख्य सहायक डी एस रौतेला,रोजा दीन अली आदि कार्यक्रम में मौजूद रहे

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# किसानों का दिल्ली कूच

करीब दो वर्ष पहले किसानों ने जब अपने आंदोलन के तहत दिल्ली की सीमाओं पर डेरा डाला था, तब कई महीनों तक प्रदर्शन के बाद सरकार के साथ कुछ बिंदुओं पर सहमति बनी और किसान वापस गए। मगर अब एक बार फिर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी के लिए कानून की मांग सहित कई अन्य मुद्दों के साथ किसानों ने 'दिल्ली चलो' के नारे के साथ पंजाब और हरियाणा के किसानों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया है। सवाल है कि आखिर किसानों के पिछले आंदोलन के बाद सरकार के साथ हुए समझौते का क्या स्वरूप था और उसमें बनी सहमति को जमीन पर उतारने को लेकर ऐसी गंभीरता क्यों नहीं दिखी कि किसानों को फिर से सड़क पर उतरने की नौबत आई। गौरतलब है कि दो वर्ष पहले किसानों के ऐतिहासिक आंदोलन के बाद केंद्र सरकार को संसद से पारित तीन कृषि कानूनों को रद्द करना पड़ा था। तब सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गारंटी देने का वादा किया था। मगर किसानों की शिकायत है कि सरकार ने अपने वादे पूरे नहीं किए। अब किसानों के ताजा आंदोलन के बाद फिर जो हालात पैदा हो रहे हैं, अगर उसे लेकर सही नीति नहीं अपनाई गई तो सड़कों पर अव्यवस्था की स्थिति पैदा हो सकती है। विचित्र यह भी है कि सरकार की ओर से किसानों को रोकने के लिए जिस तरह सड़क पर कीलें लगाने और बाधाएं खड़ी जैसे उपाय किए गए हैं, उसे एक तरह से विरोध प्रदर्शन को बाधित करने की तरह देखा जा रहा है। जबकि एक स्वस्थ लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी को अपने वाजिब मुद्दों के लिए विरोध जताने या प्रदर्शन करने का अधिकार होना चाहिए। यह सरकार के लिए सोचने का वक्त है कि आखिर पिछले आंदोलन के दौरान बनी सहमति के बिंदुओं को लागू करने को लेकर कहां चूक या लापरवाही हुई कि किसान संगठन फिर से अपनी मांगों के साथ सड़क पर आ गए। संयुक्त किसान मोर्चा का कहना है कि ताजा प्रदर्शन के जरिए वे सरकार को दो वर्ष पहले किए गए उन वादों को याद दिलाना चाहते हैं, जो आंदोलन को वापस लेने की अपील करते हुए सरकार ने किए थे। वे वादे अब तक पूरे नहीं हुए। वहीं सरकार की ओर से ऐसे संकेत दिए जा रहे हैं कि फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी वाला कानून सभी हितधारकों से परामर्श किए बिना जल्दबाजी में नहीं लाया जा सकता है। सवाल है कि वादा करने के बावजूद सरकार आखिर अब तक क्या कर रही थी कि इस मसले पर किसानों के बीच स्पष्टता नहीं बन सकी? हालांकि विरोध प्रदर्शन से उपजने वाली अव्यवस्था की आशंका के मद्देनजर सरकार किसानों को रोकने की कोशिश कर रही है, लेकिन अगर किसान संगठन अपनी बात शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से जनता और सरकार के सामने रखना चाहते हैं, तो उन्हें बाधित क्यों किया फिर किसान संगठनों को भी यह खयाल रखने की जरूरत है कि उनके आंदोलन की वजह से कानून-व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति और आम जनता के सामने मुश्किलें न पैदा हों। गौरतलब है कि दिल्ली की सीमाओं पर किसानों के जमावड़े की वजह से आम जनता के सामने कई प्रकार की दिक्कतें खड़ी होनी शुरू हो गई हैं। जरूरत इस बात की है कि हालात जटिल होने से पहले सरकार किसान संगठनों से बातचीत का रास्ता निकाले और सहमति के बिंदु तैयार करे।

# बेहड़ ने किया विकास कार्यो का लोकार्पण





किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने अपनी विधानसभा किच्छा के अंतर्गत् अपनी विधायक निधि से निर्मित कराये अलग- अलग 6 विकास कार्यो का आज लोकार्पण किया इन विकास कार्यों की कुल लागत 26.54 लाख है,इसके तहत ग्राम नजीमाबाद में मछली झाले में जनमिलन केंद्र में टीन शेड का कार्य जिसकी लागत 5 लाख,ग्राम कलकत्ता फार्म गुरुद्वारे में बाउन्ड्रीवाल का कार्य लागत 5.51 लाख,ग्राम बखपुर में मंदिर के सौन्द्रियकरण का कार्य लागत 4.86 लाख,ग्राम बखपुर में मस्जिद के पास सी०सी० सड़क का कार्य लागत-2. 33 लाख,सिरौली कला वार्ड न०-19 में सी०सी० सड़क का कार्य लागत-3.84 लाख तथा सिरौली कला स्थित मौलाना अब्दुल कलाम आजाद स्कूल में टीन शेड के कार्यों के लोकार्पण फीता काटकर किये।इस दौरान विधायक तिलकराज बेहड़ ने कहा कि किच्छा विधानसभा में 2 साल में बहुत ही तेजी से विकास कार्य पूर्ण कराये जा चुके है आना वाला समय किच्छा विधानसभा में विकास की दृष्टि से बहुत ही जादा सुनहरा है,शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्य बहुत तेजी से चल रहे हैं जल्दी विधानसभा वासियों को पूरी विधानसभा में विकास की गंगा बहती हुई नजर आएगी द्य उनकी विधायक निधि के द्वारा हर गांव में चल रहा है तथा अन्य योजनाओं से भी वे अपनी विधानसभा में विकास कार्यो को पूरा कराने में सैदेव प्रयासरत्त है द्य वे विधायक निधि के अलावा भी विभिन्न-विभिन्न योजनाओं से विकास कार्यों को पूरा कराये जाने हेतु प्रयास कर रहे है। इससे पूर्व समस्त क्षेत्रवासियों ने विधायक तिलक राज बेहड़ का उनके अपने-अपने गांव व वार्ड में पहुंचने पर फूल मालाओं से लादकर स्वागत किया तथा विधायक बेहड़ का विकास कार्य कराये जाने हेतु धन्यवाद किया तथा विधायक बेहड़ ने सभी गांववासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को भी सुना व सम्बंधित अधिकारियों को आवशयक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। इस दौरान कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी,निर्वतमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, राजेश प्रताप सिंह,मेजर सिंह, सुनील ठाकुर,गुलशन सिन्धी, बलदेव सिंह,बलवंत सिंह,अर्जुन कुमार, अकील एहमद,एन यू खान, सुन्दर सिंह, फरियाद शाह ,सईदुल रहमान, रक्षापालसिह, जमालुद्दीन,ताहिर मलिक, कुलदीप सिंह रणधीर सिंह, अमृतपाल बंटी कवल सिंह दलेर सिंह, पूरन,सुनीता कश्यप, विक्रम कोरंगा,मान सिंह, आरिफ कुरैशी, लक्ष्मण, महेंद्र, राजकुमार,महेश साहनी,नजाकत खान, सूरज पाल,शरीफ सलमानी आदि लोग उपस्थित रहे।

# पुलवामा के शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। 14 फरवरी 2019 को जम्मू कश्मीर के पुलवामा में पाकिस्तानी आतंकी हमले में भारतीय सेना के शहीद जवानों की पाँचवी पुण्यतिथि पर एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू सदस्य प्रीति आर्या के नेतृत्व में संस्था के पदाधिकारियों ने नैनीताल रोड स्थित शहीद मेजर चंद्र शेखर मिश्रा पार्क में पुष्पांजलि अर्पित कर पुलवामा के शहीदों को श्रद्धा सुमन श्रद्धांजलि दी। संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार ने कहा कि पुलवामा आतंकी हमले में शहीद भारतीय सेना के जवानों की शहादत को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। भारतीय सेना के जवान दुश्मनों की हर हरकत पर पैनी निगाह



रखते हुए दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देते हैं। तब जाकर हम अपने अपने घरों में सुरक्षित रहते है और तभी हम अपने सारे त्यौहार पूरी खुशी के साथ मना पाते है। शहीदों को श्रद्धांजलि देने में हरीश चन्द्र पाण्डेय, नन्दकिशोर आर्या, बलराम हालदार, हेमंत साहू, योगिता बनोला, पूजा लटवाल, रिंकी गुप्ता, पूनम गुप्ता, अमन कुमार, मनीष साहू, दीपेश बिष्ट, विक्रम सिंह बर्गली, गिरीश चन्द्र लोहानी, महेश साहू, पुलकित कुमार, कमलेश आर्या, रितिक साहू, युवराज गुप्ता, अरविंद कुमार, जानकी रैगाई, पूर्णिमा रजवार, प्रीती आर्या, माला आर्या, आर्यन प्रजापति, सूरज मिस्त्री, संदीप यादव, राहुल गुप्ता, रोहतास प्रजापति, सुशील राय, अमित गोस्वामी, अशोक बाल्मीकि, गोविन्द मिस्त्री, रोहित भण्डारी, राजेन्द्र बिष्ट, दीपक प्रजापति, सूरज कुम्हार, मुकेश कुमार आदि शामिल थे।

# बसंत का शुभ आगमन

प्रकृति जब शीत ऋतु अपनी गहरी चादर ओढ़ने व गहन कुहासे तमस से बाहर निकल स्वछंद विचरण करने लगती हैं तब वह अपने पुर्ण यौवन पर मदमाने लगती है फूलो पर बहारे छाने



लगती है। पेड़ो पर नवपल्लव आने तथा गेहू और जौ की बालियाँ झूमने लगती है। आम के पेडो पर मंजरिया छाने लगती है भौरे गुँजन करने लगते है गाँव के खेतो मे सुदुर पीली सरसो के फूल खिल जाते है फूलो पर तितलिया मंडराने लगती है। और समस्त प्रकृति मुस्कुरा उठती है। हल्की सर्द हवा तन को छूकर हल्की सिहरन पैदा कर निकल जाती है। सर्वत्र खुशी, सौन्दर्य व उल्लास का वातावरण दिखाई देता है माघ माह की शुक्ल पंचमी तिथि को बसंत पंचमी का त्यौहार बडीघ श्रद्धा से मनाया जाता है ज्ञान ,संगीत,कला की देवी हंसवाहिनी, वीणावादनी, वाग्देवी,माँ शारदा की शुभ जंयती इसी दिन मनायी जाती है इसीदिन बहमा जी की प्रसन्नता के लिए माँ शारदा ने मूक प्रकृति मे अपनी वीणा से सर्वत्र वाणी का संचार किया था जिससे हवा मे सरसराहट, पक्षियो व जल मे कोलाहल प्रणियो में स्वर-संवाद स्थापित हुआ। इसदिन लोग पीले वस्त्र धारणकर ज्ञान व बुद्धि की प्राप्ति के लिये माँ देवी सरस्वती की पूजा- अर्चना करते है पीले चावलो का भोग लगाकर प्रसाद तैयार कर उसे ग्रहण करते है।जब बंसत आता है तो वह देश की सीमाये नही देखता वह तो सर्वत्र नजर आता है भगवान श्रीकृष्ण कहते है कि त्रतुओ मे बसंत हू , इससे बंसत अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करता है बसंत का पर्व वेलेन्टाइन के रूप में भी मनाया जाता है वेलेन्टाइन डे14फरवरी प्यार का दिन और मुहब्बत का इजहार करने वाले का दिन माना जाता है।यह अनेक देशो मे मनाया जाता है प्रेमी बधाई और उपहार के साथ अपनी प्रमिकाओ से अपना स्नेह को व्यक्त करते है इसमे वेलेन्टाइन वीक का भी अपना अलग महत्व है पशुपक्षियो व मनुष्यो मे बसंत नयी चेतना का संचार करता है हुलसाती होली और बिहू पर्व का आगमन भी इसके पश्चात ही होता है प्रकृति इठलाते व मदमाती रूप से बंसत का स्वागत करती है।बंगाल व बिहार में इसे विशेष रूप से मनाया जाता है प्रेम व सकारात्मकता का संदेश देने वाला व निराशा को दूर करने वाला त्रतुओ का राजा त्रतुराज बंसत प्रकृति से जुडा है प्रकृति व पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लेकर धर्म की पवित्रता बनाकर व प्रकृति संरक्षण पर हमे विशेष ध्यान देना चाहिए ताकि हर तरफ बसंत की सुदंरता फैल सके।

**-नरेश छाबड़ा ,रूद्रपुर**

# दूसरों की तुलना करती है दुखी

जंगल में एक कौआ रहता था, जो अपने जीवन से पूरी तरह संतुष्ट था स एक दिन उसने बतख देखी, और सोचा यह बतख कितनी सफेद है और में



कितना काला हूँ स यह बतख तो संसार की सबसे ज्यादा खुश पक्षी होगी स उसने अपने विचार बतख को बताए, तो बतख ने उतर दिया, जब तक मैंने दो रंगों वाले तोता को नहीं देखा था, दरअसल मुझे भी ऐसा ही लगता था कि मैं सबसे अधिक खुश पक्षी हू स अब मेरा मानना है कि तोता सृष्टि का सबसे अधिक खुश पक्षी है फिर कौआ तोते के पास गया स तोते ने उसे समझाया, मोर को मिलने से पहले तक मैं भी एक अत्यधिक खुशहाल जिन्दगी जीता था लेकिन मोर को देखने के बाद मैंने जाना कि मुझ में तो केवल दो रंग हैं जबकि मोर में कई रंग हैं स तोते को मिलने के बाद वह कौआ चिड़ियाँघर में मोर से मिलने गया स वहां उसने देखा कि उस मोर को देखने के लिए हजारों लोग जुटे थे स सब लोगों के चले जाने के बाद कौआ मोर के पास गया और बोला, प्रिय मोर, तुम तो बहुत ही खूबसूरत हो स तुम्हें देखने रोज हजारों लोग आते हैं स मेरे अनुमान से तुम धरती के सबसे अधिक खुश पक्षी हो स मोर ने जबाव दिया, मैं हमेशा सोचता था कि मैं सबसे खूबसूरत और खुश हूं लेकिन मेरी इस सुन्दरता के कारण ही मैं इस चिड़ियाँघर में फंसा हुआ हूं समैंने चिड़ियाँघर का बहुत ध्यान से परीक्षण किया है और तब मुझे यह एहसास हुआ कि इस पिंजरे में केवल कौए को ही नहीं रखा गया है स इसलिए पिछले कुछ दिनों से में इस सोच में हूं की अगर में कौआ होता तो, में भी खुशी से हर जगह घूम सकता था स वास्तव में यह कहानी इस संसार में हमारी परेशानियों का सार प्रस्तुत करती है स कौआ सोचता है की बतख खुश है स बतख को लगता है कि तोता खुश है, तोता सोचता है कि मोर खुश है, जब कि मोर को लगता है कि कौआ सबसे खुश है स इस कहानी से हमे यह शिक्षा मिलती है कि दूसरों से तुलना करना हमें सदा दु:ख देता है हमें दूसरों के लिए सदैव खुश रहना चाहिये और हमारे पास जो कुछ है उसके लिए हमें परमात्मा का आभारी रहना चाहिये और जो प्राप्त है वही प्रयाप्त है स मन में सदा अच्छे विचार रखने चाहिये तभी हमारा जीवन सफल हो सकता है।

प्रस्तुति- नरेश कुमार सेठ, रूद्रपुर

# दोस्ती और प्रेम का दायरा समझें युवा

आज के आधुनिक समाज में रिश्तों और संबंधों में भी पहले की अपेक्षा आपसी समझ व खुलापन आने लगा है। हालांकि हर बदलाव की हवा पश्चिम जगत से बहनी शुरु होती है, यह परंपरा यानी ष्वेलेंटाइन डेष मनाना भी वहीं से शुरु हुआ। अब भारत में भी शहरी क्षेत्रों में प्राय: हर जगह इस दिन को महत्व दिया जाने लगा है। प्रेम, दोस्ती ये शब्द भावनात्मक दृढ़ संबंधों की अटूट कड़ी है। कोई खून का रिश्ता नहीं, यह न जात पांत देखती और न ही उंचनीच,या छोटा-बड़ा देखती। बस हृदय और मनोमस्तिष्क की उत्ताल भावनाओं ने जोर मारा नहीं की दो पक्षों के बीच प्रेम का अटूट रिश्ता कायम हो जाता है। यह रिश्ता इतना मजबूत होता है कि अच्छे अच्छे खून के रिश्तों में दरार पड़ जाती है, पर इन रिश्तों में नहीं, तभी शायद इसकी महत्ता देखकर ही महान् संत कवि कबीर दास जी ने कहा है- ढाई आखर प्रेम का पढ़े सो पंडित होय। प्रेम की भावना का यह संबंध महान संबंधों में जाना जाता है। इसकी परिभाषा नहीं होती, स्वार्थ, दुश्मनी, निजी इच्छाओं का न होना ही प्रेम है। हर लड़का या लड़की यह चाहते हैं कि उनका कोई ऐसा सच्चा दोस्त हो जो उनकी भावनाओं को समझे, सुख दु:ख के समय में साथ निभाये। ऐसे दोस्तों की चाह कमोवेश सभी को होती है, और होना भी चाहिए। इसमें समलैगिंक दोस्ती जितनी सहज व सरल है, विषम लैगिक दोस्ती उतनी ही कठिन व दूभर होती है। लड़का लड़के से दोस्ती करें और लड़की लड़की से दोस्ती करें तो सामान्यत: सफल होते हैं। लेकिन यदि वह दॉस्ती लड़के और लड़की में हो तो मैत्री को प्यार में बदलते देर नहीं लगती। वे पल दो पल के आकर्षण से प्रभावित होकर समझने लगते है कि हम दोनों बने ही एक दूजे के लिये हैं। और फिर शुरु हो जाता है मर्यादाओं का उल्लंघन । यह भी सही है कि प्रत्येक मैत्री या प्यार या संबंध का स्वरुप बदलकर समस्या का रूप ले लेता है। इसके अपवाद भी है। दोस्ती करना जितना आसान है उसको निभाना उतना ही कठिन। लड़का-लडकी दोस्ती करें लेकिन अपने पारंपरिक मर्यादाओं की सीमाओं में बंध कर मित्रता को मित्रता ही रहने दे। दूसरे रिश्तों का नाम न दें, तभी वे आपस में एक दूसरे के अच्छे सहयोगी सिद्ध होगे, दोस्ती और प्यार दो अलग-अलग बात हैं, अलग तथ्य है। दोस्ती में जहां सहयोग और अनेकाधिकार होता है, वहीं प्रेम में समर्पित होने की भावना और एकाधिकार अधिक होता है। दोस्ती में जहां दोनों के लिये भविष्य निर्माण की कल्पनायें होती हैं, वही प्रेम में परिवार निर्माण की। किशोरावस्था में बहकाव भटकाव अधिक होता है वास्तविक प्यार कम, भावुकता में आकर क्षणिक दोस्ती को प्यार में बदलते देर नहीं लगती और वे उसे शीघ्र ही शादी का रुप देने पर उतारू हो जाते है। नई पीढ़ी का नव निर्माण करने में अभिभावकों को सख्ती और नरमी दोनों से काम लेना पड़ता है। इस अवस्था में अभिभावक उनके बागी होने या फिर उनके बिगड़ने की चिंता से पहले ही सचेत रहकर सतर्क कदम उठायें। आज के समय में कुछ व्यक्ति जहां एक ओर अपने आपको आधुनिक समझते हैं, वही दूसरी ओर लड़के लडकी की दोस्ती की बात आते ही निचली मानसिकता का लबादा ओढ लेते हैं। यह भी सही है कि कुछ लड़के-लड़कियों ने मित्रता की आड़ में पारिवारिक मर्यादा एवं अभिभावको के विश्वास को भावनाओं को चोट पहुंचाई है, परंतु इसका अर्थ यह नहीं कि सभी एक से हों।पालक स्वयं भी तो उनके दोस्त बनकर उनके एक अच्छे दोस्त साबित हो सकते हैं। जिसे घर में प्यार नहीं मिलता वह उसे बाहर खोजता है। घर में यदि उन्हें एक अच्छा दोस्त मिलेगा तो सीमाओं में रहना वो स्वयं ही सीख जायेंगे। अपनी प्रत्येक बात माता-पिता से कहने को उतावले रहेंगे। उनका कहना भी स्वेच्छा एवं खुशी से मानेंगे। इसके अतिरिक्त युवा लड़के लड़कियों का भी यह दायित्व होता है कि वे बाहर अगर दोस्ती करते हैं तो वे दोस्ती को सिर्फ दोस्ती के रुप में निभाये ताकि इन संबंधों पर किसी की उंगली न उठ सके, और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अपनी दोस्ती के विषयं में अपने परिवार जनों को पूरी तरह अवगत रखे। इस तरह की दोस्ती उचित भी है और सार्थक भी। प्रत्येक किशोर मन एक अच्छा साथी, हम सफर दोस्त बनाना चाहता है। अच्छे मित्र आपके कैरियर निर्माण में सहयोगी सिद्ध होंगे, वहीं अंहकार के वशीभूत होकर प्रेमी प्रेमिका अपने मार्ग के रुकावट स्वयं बन जाते है। ऐसी अवस्था में कोई भी निर्णय बुजुर्गो की अनुमति के बिना लेना घातक सिद्ध हो सकता है, इसलिये स्वच्छंद, निर्मल पवित्र वासना रहित दोस्ती निभाइने और अपना यह बहुमुल्य समय कैरियर (भविष्य) बनाने में लगायें।

**- सुरेश सिंह बैस 'शाश्वत'**

# बनभूलपुरा में ढहाये मदरसे की जगह नयी पुलिस चौकी खोली

## सीएम धामी का धाकड़ एक्शनः हल्द्वानी हिंसा में घायल महिला पुलिस कर्मियों ने किया उद्घाटन

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। हल्द्वानी के वनभूलपुरा क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण हटाने के दौरान उपद्रवियों द्वारा मचाये गये तांडव के बाद सीएम धाामी ने धकड़ एक्शन लिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा के दूसरे ही दिन बनभूलपुरा में पुलिस चौकी बना दी गई है। ढहाए अवैध मदरसे की जगह पर चौकी की शुरुआत हिंसा में घायल पुलिसकर्मी बबीता और ज्योति कोरंगा ने की। बनभूलपुरा में अतिक्रमण स्थल पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कल यहां पुलिस थाना खोलने की घोषणा की थी और घोषणा के 24 घंटे के अंदर चौकी का संचालन शुरू कर दिया है। हल्द्वानी हिंसा में घायल महिला पुलिस कर्मियों ने उद्घाटन किया। इस बीच पुलिस ने सात और उपद्रवियों को गिरफ्तार किया है। इनसे दो तमंचे, छह कारतूस व दो खोखे भी बरामद हुए हैं। पुलिस अब तक दो पार्षदों समेत 37 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। 41 शस्त्रधारकों से असलहे जमा कराए गए हैं। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि उपद्रवियों के खिलाफ तीन मुकदमे दर्ज किए थे। पुलिस सीसीटीवी की मदद से उपद्रवियों को गिरफ्तार कर रही है। पुलिस का सर्च ऑपरेशन जारी है। हिंसाग्रस्त बनभूलपुरा में लोग घरों के बाहर ताला लगाकर अंदर रहते हुए मिले। उपद्रवियों की तलाश में पुलिस ने करीब 150 घरों में दबिश दी। इस दौरान 100 घरों में बाहर ताला लगा हुआ






### बनभूलपुरा हिंसा में पुलिस का ताबड़तोड़ एक्शन जारीः अब तक कुल 36 उपद्रवियों को भेजा जेल, 41 शस्त्र धारकों के हथियार किए जब्त

मिला लेकिन जब ताला तोड़कर पुलिस अंदर दाखिल हुई तो करीब 50 घरों में लोग छिपकर रहते मिले। पुलिस ने 35 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। बनभूलपुरा में हुई हिंसक घटना को मद्देनजर रखते हुए मुख्यमंत्री द्वारा नया पुलिस थाना खोले जाने हेतु की गयी घोषणा के क्रम में तत्काल अनुपालन करते हुए प्रभावी सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था स्थापित करने के लिये नैनीताल पुलिस द्वारा उक्त अतिक्रमण स्थल पर घोषणा के 24 घण्टे के भीतर ही पुलिस चौकी स्थापित की गयी है। जिसका उद्घाटन हिंसा के दौरान घायल 02 महिला उपनिरीक्षकों द्वारा श्री योगेन्द्र सिंह रावत, पुलिस उपमहानिरीक्षक



कुमांयू परिक्षेत्र की उपस्थिति में कराया गया। चौकी में 1 उनिरीक्षक व 04 कान्सटेबलों की तैनाती की गयी है तथा मौके पर पी0ए0सी0 व पैरामिलेटरी सुरक्षा बल भी तैनात किये गये हैं। साथ ही उक्त स्थल पर थाने के निर्माण हेतु प्रस्ताव शासन में भेजा जा रहा है। भविष्य में सभी राजकीय कार्य उक्त चौकी से ही सम्पादित किये जायेंगे। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने मंगलवार को प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया है कि आठ फरवरी को को बनभूलपुरा क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के दौरान उपद्रवियों द्वारा पुलिस, प्रशासन, नगर निगम व मीडिया कर्मियों पर पथराव, आगजनी व गोलीबारी की हिंसक घटना के सम्बन्ध में थाना-बनभूलपुरा में 03 अभियोग मु0अ0सं0-21/2024, 22/2024 व 23/2024 दर्ज किये गये हैं। उपरोक्त हिंसक घटना में संलिप्त उपद्रवियों की गिरफ्तारी के लिये श्री प्रहलाद नारायण मीणा एसएसपी नैनीताल द्वारा श्री हरबन्स सिंह एसपीसिटी हल्द्वानी के पर्यवेक्षण में वृहद स्तर पर विभिन्न टीमों का गठन किया गया है। पुलिस टीमों द्वारा घटनास्थलों के पास के सीसीटीवी के अवलोकन एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर घटनास्थलों के आसपास स्थित घरों में दबिश दी गयी और उपरोक्त मुकदमों में पूर्व में 30 उपद्रवियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध हथियार व कारतूस बरामद किये गये। इसी कडी में पुलिस द्वारा बनभूलपुरा में घटित हिंसक घटना में संलिप्त शेष उपद्रवियों में से 06 उपद्रवियों को 02 अवैध तमन्चा, 06 जिन्दा कारतूस व 02 खोखे के साथ गिरफ्तार किया गया है। मुकदमे में शोएब पुत्र बब्बू खां नि0 लाईन न0-08, बनभूलपुरा, उम्र-29 वर्ष भोला उर्फ सोहेल पुत्र मौहम्मद ताहिर नि0 वार्ड नं0-24, बनभूलपुरा, उम्र-28 वर्ष। समीर पाशा पुत्र शमीम पाशा नि0 वार्ड न0-15, जवाहरनगर, बनभूलपुरा, उम्र-21 वर्ष के कब्जे से 1 तमन्चा (12 बोर), 03 कारतूस जिन्दा व 02 खोखे। जुनैद उर्फ इब्राहिम पुत्र मौहम्मद असगर उर्फ सूफी नि0 ताज मस्जिद, बनभूलपुरा के कब्जे से '1 तमन्चा (315 बोर), 03 कारतूस जिन्दा। साहिल अन्सारी पुत्र मतलूब अन्सारी नि0 मलिक का बगीचा, बनभूलपुरा, उम्र-19 वर्ष। शहनवाज उर्फ शानू पुत्र शरफराज नि0 इन्द्रानगर ठोकर, बनभूलपुरा, उम्र-26 वर्ष शामिल है। इसके अतिरिक्त उक्त हिंसक घटना के दृष्टिगत बनभूलपुरा क्षेत्र में कुल 120 लाईसैन्स धारकों के शस्त्र लाईसैन्स निरस्त किये जाने के आदेश के अनुपालन में पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 41 शस्त्र जमा किये गये हैं।

# छात्रा पर जानलेवा हमला करने के आरोपी को साथी के साथ किया गिरफ्तार

काशीपुर। बहन के साथ ट्यूशन जा रही छात्रा पर धारदार हथियार से हमला करने के आरोपी फरदीन को पुलिस ने उसके साथी रऊफ निवासीगण मोहल्ला खालसा को वारदात के आठ घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से एक तमंचा और हमले में प्रयुक्त पाटल बरामद किया है। घटनाक्रम का खुलासा करते हुए सीओ अनुषा बड़ौला ने कोतवाली में बताया कि आरोपी फरदीन छात्रा की हत्या के इरादे से आया था। पुलिस की पूछताछ में फरदीन ने बताया कि वह छात्रा से शादी करना चाहता है लेकिन दूसरे धर्म से संबंधित होने के कारण लड़की और उसके परिवार वाले राजी नहीं थे। वह बार-बार लड़की को मनाने का प्रयास करता था। इस संबंध में पहले से उसके खिलाफ तीन केस दर्ज हैं। इसलिए उसने सोचा था कि एक बार और



प्रयास करूंगा। लड़की शादी के लिए नहीं मानी तो उसकी जीवन लीला समाप्त कर दूंगा। इसलिए उसने सोमवार को लड़की का पीछा करते हुए उस पर पाटल से हमला किया। सीओ ने बताया कि आरोपी और उसके मित्र रऊफ की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने टीमें गठित कर कोतवाल मनोज रतूडी और एसएसआई प्रदीप मिश्रा के नेतृत्व में मुरादाबाद तक दबिश दी। देर रात उसे ढेला नदी के पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया जहां से वह भागने के फिराक में था। बताया कि पुलिस से बचने के लिए वह ढेला नदी के पुल से कूद गया जिससे वह चोटिल भी हो गया। पुलिस ने दावा किया कि वह हर हाल में लड़की की हत्या करना चाहता था इसलिए पाटल के साथ-साथ 32 बोर का एक तमंचा भी लेकर आया था जिसे पुलिस ने आरोपी से दो कारतूस समेत बरामद कर लिया। बताया कि इसी छात्रा से पूर्व में भी छेड़खानी के एक मुकदमे में गिरफ्तार फरदीन ने तब मेरठ के एक स्कूल से नाबालिग होने का जमानत ले ली थी। बताया कि कोर्ट के समक्ष यह तथ्य भी पेश किया जाएगा।

## छात्रा के हमलावर की पैरवी करने से अधिवक्ताओं ने किया इनकार

काशीपुर(उद संवाददाता)। छात्रा पर हमला करने वाले अभियुक्त की पैरवी शैलेंद्र कुमार मिश्रा एडवोकेट तथा उनके चेंबर का कोई भी अधिवक्ता नहीं करेगा क्योंकि अभियुक्त के द्वारा किया गया अपराध एक जघन्य अपराध है तथा समाज की दृष्टि से ऐसा अपराध माफी के लायक नहीं। इस मौके पर बोलते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि ऐसा अपराध माफी के लायक नहीं है तथा किसी भी अधिवक्ता को ऐसे आयुक्त की पैरवी करने से पहले 100 बार सोचना चाहिए इस मौके पर भास्कर त्यागी, सैयद आसिफ अली, मुमताज खान, सैयद इफरा, अमृतपाल सिंह, नवजोत सिंह ,रहीस अहमद, अंकित चौधरी, अचल वर्मा, श्रीनाथ शर्मा, मोनिका शर्मा, देवांग मिश्रा, कर्तव्य मिश्रा, ममता मिश्रा, मंजू सक्सेना, सारांश सक्सेना, विवेक मिश्रा, शालिनी मिश्रा, प्रियांश मिश्रा, गौरव शर्मा ने भी पैरवी से इंकार किया तथा ऐतराज जताया।

## पेज एक का शेष...

**दिल्ली कूच पर अड़े...**संघर्ष और तेज होगा । फिलहाल शंभू सीमा पर सैकड़ों ट्रैक्टर ट्रॉलियां खड़ी हैं। किसानों ने अपना दिल्ली चलो मार्च जारी रखा है।किसानों के प्रदर्शन के बीच केंद्रीय राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी ने कहा कि बीजेपी किसानों की पार्टी है और उनके जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए काम करती है। टेनी ने कहा कि बीजेपी सरकार ने किसानों को नुकसान से बचाने के लिए फसलों की बीमा शुरू किया। उन्होंने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मंजदूर मोर्चा दिल्ली की ओर मार्च करने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर रोका गया है। उनकी मांग है कि किसानों को एमएसपी पर गारंटी का कानून दिया जाए.

**पर्यटकों के लिए सुगम...**प्रयास कर रही है कि यहां पर आवागमन की हर सुविधा मिले। पर्यटकों को किसी तरह की दिक्कतें ना उठानी पड़े। जौलीग्रांड एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनाने के लिए काम किया जा रहा है। पंतनगर एयरपोर्ट का भी विस्तार करते हुए उसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनाने के लिए औपचारिकतायें पूरी हो गयी हैं। सीएम धामी ने कहा कि हवाई सेवाओं के विस्तार से प्रदेश में पर्यटन और तीर्थाटन को और अधिक बढ़ावा मिलेगा। दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों को भी हवाई सेवाओं से जोड़ना हमारा संकल्प है। विकल्प रहित संकल्प को हम हवाई सेवाओं के विस्तार में भी पूरा करेंगे। सीएम धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड को हर वर्ष आपदायें झेलनी पड़ती हैं। हवाई सेवाओं के विस्तार उत्तराखण्ड के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री से आपदा से निपटने के लिए विशेष हेलीकॉप्टर देने का अनुरोध भी किया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि एयरपोर्ट के पूरे टर्मिनल को कुल 486 करोड़ रुपये से बनाया गया है। जिसके बाद टर्मिनल की क्षमता चार लाख से बढ़कर 47 लाख पैसेंजर प्रतिवर्ष हो गई है। एयरपोर्ट प्रदेश का सबसे व्यस्ततम एयरपोर्ट बन चुका है। लेकिन शुरूआत में जब एक फ्लाइट आती थी। तब संबंधित कंपनी ने प्रदेश सरकार से अनुबंध किया था कि यदि हवाई पैसेंजर कम मिले तो फ्लाइट का साठ फीसदी खर्च सरकार उठाएगी। इस एयरपोर्ट पर आए दिन वीवीआईपी का तांता लगा रहता है। इस एयरपोर्ट से चार धाम के साथ ही हेमकुंड, मां गंगा आदि के दर्शन आसानी से किए जा सकते हैं। मोदी सरकार की योजना से एक हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई जहाज में उड़ रहा है। इस अवसर पर सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमेश पोखरियाल निशंक, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक बृजभूषण गैरोला, सचिव भारत सरकार शरद कुमार, एयरपोर्ट निदेशक प्रभाकर मिश्रा, भाजपा नेता पुरुषोत्तम डोभाल आदि मौजूद रहे।


**सूचना**

मैंने अपना नाम SANNI से बदलकर SANNI SAINI कर लिया है तथा मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट में मेरी जन्मतिथि 20/03/2000 है जो कि गलत है जबकि मेरी सही व वास्तविक जन्मतिथि 20/03/2001 है। अब मुझे भविष्य में SANNI SAINI के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

Sanni Saini S/o Ramsharan Saini निवासी-वार्ड नं.4, बाल्मिकी बस्ती, गदरपुर, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड


12 **मई को ब्रह्ममुहूर्त में ...**है। अप्रैल माह में श्री गंगोत्री मंदिर समिति एवं श्री यमुनोत्री मंदिर समिति श्री गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम के विधिवत कपाट खुलने की तिथि एवं समय का ऐलान करेंगे। चारधाम यात्रा के शुरू होने से पहले ही प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दीं हैं। सड़कों के ठीक करने के साथ ही बुनियादी सुविधाओं का सुदृढ़ किया जा रहा है। इससे पहले श्री डिमरी धार्मिक केंद्रीय पंचायत के पदाधिकारी- सदस्यों ने तेल कलश राजदरबार के सुपुर्द किया। इसी कलश में राजमहल से तिलों का तेल पिरोकर 25 अप्रैल तेलकलश यात्रा राजमहल से शुरू होकर कपाट खुलने की तिथि पर भगवान बदरीविशाल के अभिषेक हेतु श्री बदरीनाथ धाम पहुंचेगी। बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय होते ही यात्रा की तैयारियों शुरू कर दी गयी है। मंदिर समिति आगामी बजट में यात्री सुविधाओं हेतु पर्याप्त बजट प्रावधान करेगी।उन्होंने श्री बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय के अवसर पर सबको बधाई दी है। कपाट खुलने की तिथि तय होने के अवसर मुकुंदानंद महाराज डिमरी पंचायत अध्यक्ष आशुतोष डिमरी,मंदिर समिति सदस्य वीरेंद्र असवाल, श्रीनिवास पोस्ती, पुष्कर जोशी भास्कर डिमरी,राजपाल जड़धारी, हरीश डिमरी, विनोद डिमरी,सुरेश डिमरी, मुख्यकार्याधिकारी योगेंद्र सिंह, अनुसचिव धर्मस्व रमेश रावत,धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, अधिशासी अभियंता अनिल ध्यानी, निजी सचिव प्रमोद नौटियाल,मीडिया प्रभारी डा.हरीश गौड़, माधव नौटियाल, संजय डिमरी, ज्योतिष डिमरी आदि मौजूद रहे।

**गुरूद्वारा नानकमत्ता साहिब के..**नानकमत्ता साहिब पहुचे। कमेटी के आफिस में दोनों सेवादारों को बुलवाया गया। उनकी बात सुनकर उन्हें समझाया गया कि ऐसा कोई काम न करे जिससे गुरूद्वारे की छवि खराब हो। उन्होंने बताया कि उसी दिन सेवादार जोगेन्दर सिंह ने सात में से चार सदस्यों के खिलाफ जो तरसेम के पक्ष में नहीं एफआईआर लिखवा दी। जिसमें सेवादारों से बदसलूकी करने और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया। पृथपाल सिंह ने कहा कि पुलिस ने जोगेन्दर सिंह का बिना जाति प्रमाणपत्र देखे रपट दर्ज कर ली। उन्होंने बाबा तरसेम सिंह पर गुरूद्वारे की सम्पत्ति पर अवैध रूप उसे कब्जा करने का भी आरोप लगाया । इस दौरान अमरिया पीलीभीत के पलविन्दर सिंह, बिलासपुर के गुरमुख सिंह, मिलक के गुरमीत सिंह, काशीपुर के बजिन्दर सिंह तथा गौलापार नैनीताल के जसवीर सिंह मौजूद थे।

**महिला पर बाघ ने...**रहने के बाद बाघ ने महिलाओं पर दोबारा हमले का प्रयास किया, लेकिन महिलाओं ने शोर मचा दिया, जिससे पर बाघ वहां से भाग निकला। बाघ के हमले के बाद महिलाएं घायल पुष्पा देवी को लेकर घर पहुंचीं और परिजनों को आपबीती सुनाई। परिजन पुष्पा देवी को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुगड्डा ले गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेस अस्पताल कोटद्वार रेफर कर दिया है।

**पत्थरबाज महिलाओं...** है। जिन्हें पकड़ने के लिए पुलिस फोर्स कभी भी अभियान चला सकती हैं। संभावना व्यक्त की जा रही है कि पुलिस पथराव करने वाली दर्जनों को पकड़कर उनसे सघन पूछताछ कर कानूनी कार्रवाई कर सकती है। पूलिस की संभावित कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कम्प मचा हुआ है।

**खड़ी बस में ...** गया।सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। थाना रायपुर प्रभारी कुंदन राम ने बताया कि बस में आग लगने से किसी भी तरह का जान माल का नुकसान नहीं हुआ है। पुलिस द्वारा घटनास्थल की जांच पड़ताल करने पर प्रथम दृष्टया बस में शार्ट सर्किट होने से आग लगना प्रतीत हो रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# उधम सिंह नगर की क्रिकेट टीमों ने किया क्वार्टर फाइनल में प्रवेश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के तत्वाधान में सीनियर पुरुष वर्ग की अंतर्जनपदीय क्रिकेट लीग प्रतियोगिता में ग्रुप ए से चार मैचों में सभी मैच जीत कर उधम सिंह नगर ए टीम ने अपने पूल में टॉप किया और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। उधम सिंह नगर ए टीम का मुकाबला बागेश्वर टीम से महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज देहरादून में 15 फरवरी को खेला जाएगा।



वही पूल बी में उधम सिंह नगर बी टीम ने तीन माचो में दो मैच जीत कर चार अंक प्राप्त कर फूल में दूसरे स्थान पर रही और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है। उधम सिंह नगर बी टीम का क्वार्टर फाइनल मैच 16 फरवरी को देहरादून ए टीम के साथ आयुष क्रिकेट अकादमी देहरादून में खेला जाएगा । दोनों ही टीमों को अंतर्जनपदीय क्रिकेट लीग प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के जिला अजय तिवारी ने शुभकामनाएं और बधाई दी है।

# हज के लिए कुमाऊं मंडल से 163 यात्रियों का हुआ चयन

किच्छा( उद संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य हज समिति द्वारा जिला मुख्यालय में लगाए गए कैंप में हज के लिए जाने वाले कुमाऊं मंडल के 163 यात्रियों का चयन किया गया। इस संबंध में उत्तराखंड राज्य हज समिति के अध्यक्ष खतीब अहमद ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि पीरान कलियर दूर होने के कारण कुमाऊं मंडल के हज यात्रियों के लिए 12 व 13 फरवरी को अल्पसंख्यक कार्यालय के रुद्रपुर स्थित



सभागार में एक कैंप का आयोजन किया गया जिसमें हज जाने के लिए वर्ष 2024 के लिए मंडल के सभी जनपदों के आवेदकों की जांच पड़ताल की गई तथा हज यात्रियों का चयन किया गया जिसमें जनपद उधम सिंह नगर से 113 नैनीताल से 43 पिथौरागढ़ से दो अल्मोड़ा से 5 हज यात्रियों का चयन किया गया। उन्होंने कहा कि यह कैंप कुमाऊं मंडल के हज यात्रा हेतु लगाया गया था ताकि हज जाने वाले यात्रियों को अपने अपने कागजों के सत्यापन हेतु प्राण कलियर शरीफ न जाना पड़े तथा सुविधा से बचाया जा सके इस अवसर पर मुख्य रूप से मास्टर सदाकत इजहार उल गुलशन सहित तमाम लोगों ने कैंप में यात्रियों के चयन हेतु सहयोग किया।

# जन्मभूमि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुई सरस्वती पूजा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में आज ट्रांजिट कैंप स्थित जन्मभूमि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मां सरस्वती की पूजा का आयोजन किया गया। जिसमें मां सरस्वती की भव्य प्रतिमा स्थापित कर विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर सुमित रॉय ने अपने परिवार तथा विद्यालय के स्टॉफ के साथ मिलकर विधि विधान से पूजा अर्चना कर विद्या व बुद्धि का वरदान मांगा। इस मौके पर विद्यालय के



प्रधानाचार्य रशपाल सिंह, नितीश कुमार, अनिल, गंगा राम, श्रीमती सुमित्रा, श्रीमति सोनाली, श्रीमति दीपिका, श्रीमति नीलम गंगवार, नीलम कोरी, कु. संगीता मलिक, श्रीमती संगीता राठौर, पूजा, तारा, ज्योति, श्रीमती ज्योति, श्रीमती सरिता, श्रीमती ममता दास, महाश्वेता, प्रकाश, श्रीमती नीतू, श्रीमती रितु, ममता, श्रीमती ममता दिवाकर, श्रीमती लक्ष्मी व विद्यालय के कर्मचारी सुनीता, संगीता, आशा के साथ साथ विद्यालय के समस्त अभिभावक गण उपस्थित हुए व पूजा अर्चना की।

# विधायक ने टाईल्स रोड निर्माण का किया शुभारंभ



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। राज्य योजना से स्वीकृत ग्राम पिपलिया न. 1 में मुख्य रोड से शिव मंदिर को जोड़ने वाली 600 मीटर इंटरलॉकिंग टाइल्स व आंतरिक मार्गो का विधायक शिव अरोरा ने फीता काटकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। विधायक शिव अरोरा ने कहा रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्य गतिमान है और उसी कार्यक्रम में पिपलिया नं. 1 में विकास कार्यो में तेजी लाते हुए इंटरलॉकिंग टाइल्स रोड के निर्माण का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा प्रदेश की धामी सरकार के नेतृत्व में रुद्रपुर क्षेत्र में लगातार विकास कार्य चल रहे हैं और क्षेत्र के चहुमुखी विकास के लिये वह प्रतिबद्ध हैं और आने वाले समय कई निर्माण कार्य अस्तित्व में आने वाले हैं। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री अमित नारंग, प्रीत ग्रोवर, जगदीश विश्वास, हरीश भट्ट, आयुष चिलाना, ओमियो विश्वास, राकेश बाला, शांति बाला, ज्योति विश्वास, फूलमाला ढाली, जयदेव राहा, गुरचरण, प्रशांत मुखर्जी, हरिपद, अतुल व अन्य लोग मौजूद रहे।

# न्यू वुडलैंड स्कूल में मां सरस्वती का किया पूजन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कृष्णा कालोनी ट्रांजिट कैंप स्थित न्यू वुडलैंड एकेडमी में आज ऋतुराज बसंत पंचमी पर्व पर विधि विधान से मां सरस्वती देवी की पूजा अर्चना की गई। विद्यालय प्रबंधक दिलीप अधिकारी ने समस्त स्टॉफ के साथ पूजा अर्चना कर उन्हें बसंत पंचमी पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रधानाचार्या प्रीति नयाल, सुनील गंगवार, लाल बहादुर गंगवार, नरेन्द्र कुमार, दिनेश चन्द्र, नीरज कुमार, कंचन अधिकारी, सपना शर्मा, सरोज, मीना कश्यप, अनीता साह, ज्योत्सना, अंकित आनंद, अनामिका डे, शीला चौधरी, सुनीता धौनी, रचना शर्मा, ममता पाल, मीनाक्षी दास, अरर्निका सिंह, रजनी गंगवार, प्रियंका देवी, विमला, वन्दना, कंचन बिष्ट, विनीता, सविता, लता, निशा, शीतल आदि मौजूद थे। अंत में प्रसाद वितरित किया गया।



